**अनदेखी** घुटनों तक नाले के पानी को पार कर ले जा रहे शव, ग्रामीण विकास के दावों पर उठ रहे सवाल

# सिंग्रामपुर में अंतिम यात्रा के लिए भी संघर्ष



**नवभारत,सिंग्रामपुर 1 सितंबर।** दमोह जिले की जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग घुटनों तक भरे नाले के पानी को पार कर रहे है, क्योंकि श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता नहीं है. ऐसी व्यवस्था से सरकार के ग्रामीण विकास के दावों पर सवाल उठ रहे हैं.

सिंग्रामपुर में बरसात में किसी की मौत हो जाती है तो अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है. बारिश के दिनों में लोग नाले में घुटनो पानी को पार कर शमशान घाट तक जाते हैं और अपनों का अंतिम संस्कार करते हैं. सोमवार को सिंग्रामपुर ग्राम में लोगों को कुछ ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा है.

### लोगों ने गिरते उठते नाले को पार कर किया अंतिम संस्कार

दरअसल, दमोह जिले की जंप जबेरा के सिंग्रामपुर ग्राम जबेरा विधानसभा क्षेत्र में आता है. सिंग्रामपुर निवासी सचिन साहू की मौत हो गई थी. श्मशान घाट के रास्ते में एक नाला पड़ता है. बारिश की वजह से नाले में घुटनों तक पानी था. ग्राम के लोग पार्थिव शरीर को लेकर अंतिम संस्कार के लिए निकले. इस दौरान घुटनों तक पानी होने के कारण कुछ लोग गिरते उठते नाले को पार करने में सफल हुए, तब कही जाकर पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ.

### 60 वर्षों में श्मशान घाट तक पहुंचने का रास्ता नहीं बना

स्थानीय जनपद प्रतिनिधि दीपक यादव सहित ग्रामीणों कहना है कि 60 वर्षों में श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए यहां पर रास्ता तक नहीं बना है और नाले पर स्टाप डैम कम रपटा का निर्माण नहीं हुआ है. जबकि ग्राम की आधी आबादी इस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए जाती हैं. किसानों ने बताया कि 1 साल पूर्व भी मीडिया में श्मशान घाट की खबर प्रकाशित हुई थी.

### सीसी रोड व डैम बनाने की योजना कागजों में सिमट गई

इसके बाद प्रशासन द्वारा महीने भर करोड़ों रुपए की सीसी रोड से लेकर डैम बनाने की बात की गई थी. यहां तक की उच्च अधिकारी रूपरेखा बनाकर चले गए थे, लेकिन सिर्फ वह कागजों तक सीमित रह गई है, मंत्री के क्षेत्र में यह स्थिति विकास की कहानी खुद ही बयां करती हैं.

## 175 छात्राओं को बांटी गई शिक्षण सामग्री




**नवभारत,दमोह 1 सितंबर।** लोक कल्याण व सद्भावना समिति राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ तहसील शाखा पथरिया द्वारा 1 सितम्बर को पथरिया स्थित कस्तूरबा गांधी शासकीय कन्या छात्रावास में रह कर पढ़ाई कर रहीं 6वीं से 12वीं तक की समस्त 175 छात्राओं को पेन, पेंसिल बॉक्स तथा पानी की बॉटल प्रोत्साहन स्वरूप भेंट की. एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया,नायब तहसील सुश्री दीपमाला सिंह व राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेशाध्यक्ष आशाराम पटेल के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चियों द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए तथा वृक्षारोपण किया गया. इस मौके पर तहसील पथरिया के सभी पटवारी, राजस्व निरीक्षक के साथ हॉस्टल की वार्डन सहायक वार्डन उपस्थित रहीं.






## बस की टक्कर से बहन की मौत, भाई घायल

**5 वर्षीय बालिका काव्या को खरोंच भी नहीं आयी**

**नवभारत,पटेरा 1 सितंबर।** मोहन्द्रा से दमोह की ओर जाने वाली राय कम्पनी की बस ने कुंडलपुर समीप फु टू माता के पास मोटरसाईकिल पर सवार भाई-बहन और 5 वर्षीय बालिका को टक्कर मार दी, जिससे महिला को सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। भाई को सिर और सीने में गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरन्त गंभीर घायलों को निजी वाहन से पटेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में दोनों को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया. इस घटना में 5 वर्षीय बालिका काव्या को खरोंच भी नही आयी.

**हटा से कुम्हारी जा रहे थे-** थाना पटेरा से प्राप्त जानकारी अनुसार मनीष विश्वकर्मा अपनी बहन सुभद्रा विश्वकर्मा के साथ बाईक से कुम्हारी जा रहा था. तब यह दर्दनाक हादसा हुआ. इस हादसे में बहन सुभद्रा मौत हो गई, जबकि भाई मनीष को जबलपुर रेफर किया गया है. पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेते हुए कार्यवाही प्रारंभ की.

### एक नजर में



## सभी किसानों को मिलेगी खाद : तहसीलदार

**नवभारत,जबेरा 1 सितंबर।** कृषि उपज मंडी जबेरा में यूरिया खाद वितरण के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने तत्परता से मोर्चा संभाला। मौके पर तहसीलदार सोनम पांडे, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी नरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल व सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी राजीव पुरोहित सहित प्रशासनिक अमला और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और खाद वितरण की व्यवस्था बनाई गई। खाद वितरण प्रक्रिया को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न किया जा रहा हैं। गोदाम प्रभारी एच.सी. विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। मंडी में पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है, वर्तमान में 7700 बोरियों का स्टॉक है। सभी पात्र किसानों को नियमानुसार खाद उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशासन द्वारा यह अपील की गई है कि किसान अफ्वाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें, सभी को आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी।



## पटवारी की सुरक्षा पर सरकार गंभीर नहीं : पटेल

**नवभारत,दमोह 1 सितंबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के रतलाम प्रवास के दौरान अज्ञात लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया. पूर्व में भी इस प्रकार के हमले उन पर हो चुके है किन्तु भारतीय जनता पार्टी की मोहन सरकार उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है. इस संबंध में पुलिस महानिदेशक के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश नशे के कारोवारियों का गढ बन चुना है। पटवारी जी निरंतर नशे के खिलाफअभियान छेड़े हुए है उनका प्रयास हे आज सर्वाधिक युवाओं को नशे की लत लगवाकर उनका भविष्य चौपट किया जा रहा है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा ने नशे के कारोवारी के साथ भाजपा नेताओं की फोटो सोशल मीडिया पर पटवारी ने जब से वायरल की है उसकी की यह बौखलाहट है। इस अवसर पर संजय चौरसिया,राजेश तिवारी, परम यादव, प्रदीप पटेल, रजनी ठाकुर, विजय बहादुर, डी.पी. पटैल, लाखन सिंह, विक्रम सिंह, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, कमला निषाद किसी की आवाज दबाने के लिये हमला करना करना कायराना हरकत है।

## हरिश्चंद्र जैन का निधन

**नवभारत,कुम्हारी 1 सितंबर।** जैन परिवार के दिनेश जैन पूर्व विधायक प्रतिनिधि, सतेंद्र कुमार जैन के पिता हरिश्चंद्र जैन बालक सेठ का निधन हो गया. उनकी अतेष्टि गांव के मुक्ति धाम में सम्पन्न हुई. गांव के सभी वर्गो के लोग अंतिम यात्रा शामिल रहे.



## बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा का हुआ संचार

**नवभारत,दमोह 1 सितंबर।** सोमवार को जिला जेल दमोह में गायत्री परिवार दमोह के द्वारा दीप यज्ञ का आयोजन किया गया. इस में जेल अधीक्षक सीएल प्रजापति के मार्गदर्शन में जेल के कर्मचारियों व बंदियों ने बड़ी ही भक्ति व उत्साह के साथ सहभागिता की. कार्यक्रम की शुरुआत जेल अधीक्षक ने दीप प्रज्वलन के साथ की. तत्पश्चात गायत्री परिवार दमोह से आये पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने बंदियों को संबोधित करते हुए गायत्री मंत्र जप की महिमा बताई. वहीं गायत्री परिवार के सदस्य बीपी गर्ग ने विभिन्न दृष्टांतों व प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बंदियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया. इसके बाद जेल अधीक्षक ने कलश पूजन किया तथा उनकी उपस्थिति में सभी बंदियों ने दीप यज्ञ किया.

# सादपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई

**4 माह से नहीं हुआ टीकाकरण, जच्चा-बच्चा कार्ड भी नहीं बने**

**नवभारत,बटियागढ़ 1 सितंबर।** सीएचसी बटियागढ़ के अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्र सादपुर की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है. क्षेत्र के ग्रामीणों, विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं ने टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर शिकायतें दर्ज कराई हैं.

महिलाओं ने बताया कि पिछले चार महीनों से उन्हें नियमित टीकाकरण की सुविधा नहीं मिल रही है और न ही जच्चा-बच्चा कार्ड बनाए गए हैं. गांव की दर्जनों महिलाओं व स्थानीय लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बीएमओ कार्यालय पहुंचा और उप स्वास्थ्य केंद्र पर पदस्थ एएनएम की कार्यशैली पर नाराजगी जताई.ग्रामीणों का कहना है कि जब से नई एएनएम की नियुक्ति हुई है, तब से उप स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित रूप से सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं.



### गर्भवती महिलाएं हो रही हैं परेशान

ग्रामीणों ने बताया कि टीकाकरण सत्र रद्द हो जाते हैं या फिर बिना किसी पूर्व सूचना के स्थगित कर दिए जाते हैं, जिससे गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. एक गर्भवती महिला ने बताया, पिछले चार महीने से हम स्वास्थ्य केंद्र जा रहे हैं, लेकिन न तो कोई टीका लगा और न ही जच्चा-बच्चा कार्ड बना. अब प्रसव की तारीख नजदीक है और हमें डर है कि कहीं कोई स्वास्थ्य जटिलता न हो जाए.



# बारिश और बीमारी से खरीफ फसल नष्ट

**नवभारत,पथरिया 1 सितंबर।** लगातार बारिश और बीमारी से बरधारी, लुहर्रा, सूखा, सतपारा, चिरोला, असलाना, खोजाखेड़ी, मिर्जापुर, ममरखा, आबूखेड़ी, नन्दरई, सासा टीला, लखरोनी, मढिया, पीपर खिरिया, मेलवारा, शंकर खिरिया, मारा, सदगुवां, राजलवारी, भौंरासा, बेल खेड़ी आदि गांवों की खरीफ फसल चौपट हो गई। इस बार वैसे भी पीएस 1569 बीज ने ज्यादातर किसानों को धोखा दिया. मुख्य रूप सरखड़ी, तुरकारी, झागर सहित कई गांव में (दोबिजी) दोबारा की बोनी भी खराब हो गई। लगातार हुई बारिश से जहां जलभराव नहीं हुआ एवं लाल, पीली मिट्टी व पथरीली जगहों की फसलें बच गई, लेकिन काली उपजाऊ मिट्टी वाली और जलभराव वाली जगहों की उड़द, सोयाबीन, तिली, मूगफली की फसलों का नुकसान हुआ है। पीला मैजिक व राइजोक्टोनिया एरियल ब्लाइट बीमारी के प्रकोप से ज्यादतर पीएस 1569 और ब्लैक बोल्ड सोयाबीन नष्ट हो गई। इसके अलावा किसानों को समय पर डीएपी और यूरिया भी नहीं मिला, जिसकी वजह से भी नुकसान हुआ है।

## शिक्षक ने पौधा रोपकर मनाया जन्मदिन



**नवभारत, दमोह 1 सितंबर।** शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक अर्जित खरे ने अपने जन्म दिवस पर अशोक का पौधा स्टाफ को भेंट किया और प्रांगण में पौधा रोप कर जन्मदिन मनाया। ऐसी परंपरा कायम रखने पर व्याख्याता डॉ. अनिल त्रिपाठी ने सराहना की। प्रभारी प्राचार्य नाजिर खान ने बच्चों को भी ऐसी पहल करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए अर्जित खरे का मुंह मीठा कराया और जन्म दिवस की बधाई दी।



## बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवभारत,सिंग्रामपुर 1 सितंबर।** दशलक्षण महापर्व पर पांचवे दिन बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम में सुबह मंदिर में अभिषेक शांति धारा व विधान किया गया. मंदिर प्रांगण में सायंकालीन आरती प्रवचन व पाठशाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई. पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चों को जयकुमार जैन श्रीमती ज्ञानश्री द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए. कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही. जैन धर्म के दिगम्बर अनुयायियों द्वारा आदर्श अवस्था में अपनाये जाने वाले गुणों को दशलक्षण धर्म कहा जाता है. इसके अनुसार जीवन में सुख-शांति के लिए उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचन और ब्रह्मचर्य दशलक्षण धर्मों का पालन हर मनुष्य को करना चाहिए. कुम्हारी में पर्युषण पर्व पर नगर के जैन मंदिर श्री 1008 श्री महावीर जिनालय मे सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी.

## लड़के के घर में बेहोश हालत मिली लड़की

**दमोह नवभारत 1 अगस्त।** सिटी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक लड़की एक लड़के के घर में बेहोश हालत में मिलने पर लड़की के परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी. जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने लड़की को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया. बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में एक व्यक्ति को अभिरक्षा में लिया है.

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का मंत्री ने किया स्वागत

**नवभारत,दमोह 1 सितंबर।** कल्चुरी महासभा के जिला अध्यक्ष संजय राय पिता सेवा निवृत्त प्राचार्य सुख-चैन राय तथा कल्चुरी समाज के राष्ट्रीय सचिव राजा राय, जिला सचिव राजीव राय साव, नगर अध्यक्ष अभिषेक राय की भेंट धर्मेंद्र भाव सिंह मप्र शासन संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास व धर्मस्व मंत्री के निज निवास नोहटा में हुई. मंत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत शॉल व श्रीफल से किया तथा आगामी कार्यक्रम 28 अक्टूबर को सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती मनाए जाने की चर्चा व जयंती में आने की सहमती दी. नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष भाव सिंह से मुलाकात कर कहा कि राय समाज सभी समाजों से जिला स्तर प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल रखते हुए कार्य देश हित तथा समाज हित में करेगा. इस अवसर परनर्मदा प्रसाद राय, नीरज जायसवाल जबेरा,पप्पू परसोत्तम राय नोहटा,चंदू राय, देवेंद्र राय हटा, अरविंद गुड्डा राय हटा और बबलू राय काका हटा, से सहायक संचालक शिक्षा से नन्हे से ठाकुर, सुनील राय रामराम पंप,धर्मेंद्र राय बबलू, पप्पू राय हर्ष बस वाले, गोविंद कंचू राय, सुनील राय रॉयल सहित अन्य साथी मौजूद रहे.

**कार्यक्रम** पर्युषण पर्व पर तारण भवन में हो रहे धार्मिक आयोजन

# सत्य से ही जीवन में धर्म की महत्ता बढ़ती है : बसंत

**नवभारत,तेन्दूखेड़ा 1 सितंबर।** पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के अवसर पर श्री तारण तरण चैत्यालय में प्रतिदिन उत्साह और आनंद के साथ भक्ति का धर्ममय माहौल है. प्रतिदिन मंदिर में विधि के आयोजन का क्रम चल रहा है. इसमें जैन धर्मावलंबी संयम के साथ दसलक्षण धर्म का पालन करते हुये धार्मिक कार्यो में विशुद्ध भावों के साथ समर्पण दिखा रहे है.

इस अवसर पर उत्तम शौच धर्म पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्हचारी बसन्त महाराज ने बताया कि हमेशा सत्य का प्रचार करना चाहिये, क्योंकि सत्य से ही जीवन में धर्म की महत्ता बढ़ती है.



जो कभी नष्ट नहीं होता वह है, शास्वत सत्य, जीवन में जो कभी नष्ट नहीं होता वह है. शास्वत सत्य, शौच का अर्थ पवित्रता उज्वलता है, जो अपने आत्मा को देह से भिन्न ज्ञानोपयोग-दर्शनोपयोगमय, अखण्ड, अविनाशी, जन्म- जरा- मरण रहित, तीन लोकवर्ती समस्त पदार्थों का प्रकाशक सदाकाल अनुभव करता है, ध्याता है उसे शौच धर्म होता है. मन को मायाचार, लोभादि से रहित उज्वल करने से शौचधर्म होता है.

### शुचि का अर्थ पवित्रता-उज्ज्वलता है

बाल ब्रम्हचारी बसन्त महाराज ने बताया कि शुचि का अर्थ पवित्रता-उज्ज्वलता है. जिसका आहार-विहार आदि समस्त प्रवृत्ति हिंसा रहित हो, हिंसा के भय से यत्नाचार सहित हो, अन्य के धन में इक्षा रहित हो, अन्य की स्त्री में वाञ्छा कभी स्वप्न में भी नहीं हो, वहीं उज्वल आचरण का धारक है, उसको ही जगत पूज्य माना जाता है. प्रतिदिन हो रहे आयोजन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री युवा परिषद सेठ दयाचंद जैन ने बताया कि-हम सभी बड़े ही आनंद के साथ भाव पूर्वक मां जिनवाणी की आराधना करते है.

### भजन संध्या का हो रहा आयोजन

उन्होंने बताया कि भोपाल के संगीतकार रूपेश जैन भजन संध्या करा रहे है। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पचंदीप्ति बालिका मण्डल के निर्देशनें एवं युवा परिषद के संयोजन में आयोजित किये जा रहे है. इसमें बड़े ही उत्साह के साथ युवा वर्ग, महिलायें एवं नन्हें बालक-बालिका अपनी प्रस्तुति दे रहे है. इस अवसर पर चंवर नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा आकर्षक धार्मिक वेशभूषा में सुशोभित होकर सुंदर प्रस्तुतियां दी गई. सभी ने इन बच्चों को प्रोत्साहित किया.










